लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद,हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
अमृत विचार
बरेली, शनिवार, 28 अक्टूबर 2023

PAGE NO, 09, MIDDLE

पड़ोसन एक श्रद्धांजलि ने खूब हंसाया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचारः थिएटर फेस्टिवल में शुक्रवार को श्रीराम मूर्ति स्मारक रिद्धिमा के सभागार में पांच एलिमेंट्स थिएटर दिल्ली ने नाटक पड़ोसन-एक श्रद्धांजलि का मंचन हुआ। नाटक महमूद, किशोर कुमार, सुनील दत्त, ओम प्रकाश, मुकरी, कैस्टो मुखर्जी, राज किशोर को श्रद्धांजलि विशेष रहा।

रिद्धिमा में नाटक का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

अजय चौधरी लिखित और राखी मानव निर्देशित नाटक में सीधे सादे युवक भोला की कहानी है जो अपने मामा के साथ रहता है। जब उसे पता लगता है कि मामा दूसरा विवाह करना चाहते हैं तो वह उनका घर छोड़ मामी के घर चला जाता है। यहां उसका झगड़ा पड़ोस में रहने वाली खूबसूरत युवती बिंदु से होता है। बिंदु संगीत मास्टर पिल्लई को पसंद करती है, जो उसे नृत्य और संगीत सिखाने आता है। बेसुरा भोला गुरु विद्यापति से संगीत सीखने का असफल प्रयास करता है, लेकिन अपने मित्र विद्यापति की नाटक मंडली के दोस्तों की मदद से बिंदु का दिल जीतने में कामयाब हो जाता है। बिंदु अपने जन्मदिन पर भोला से गीत गाने के लिए कहती है। विद्यापति छिप कर गीत गाता है और भोला गाने का अभिनय करता है। बिंदु की छोटी बहन विद्यापति की आवाज पहचान लेती है और भोला के इस झूठ से नाराज मास्टर पिल्लई से विवाह करने का फैसला करती है। विवाह को रोकने के लिए नाटक मंडली मिलकर भोला से आत्महत्या का स्वांग करवाती है। सभी लोग भोला की मृत्यु की खबर सुन कर एकत्र होते हैं। विद्यापति और मास्टर पिल्लई के अनुरोध पर बिंदु भोला के प्रति अपने प्रेम को स्वीकार करती है और भोला फिर से जीवित होने का अभिनय करता है। नाटक में मानव मेहरा, राघव, हरीश, गौरव, राहुल, शिवांगी, साकेत, फरदीन, यश, सिद्धार्थ ने अपनी भूमिकाएं निभाईं। नाटक में संगीत की जिम्मेदारी मानसी मेहता ने और प्रकाश संचालन की जिम्मेदारी राघव एवं हरीश ने उठाई। मुख्य अतिथि कुदेशिया साईं मंदिर की संरक्षक नीता कुदेशिया ने श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट के सलाहकार इंजीनियर सुभाष मेहरा, डॉ. एलएस मौर्या, डॉ. अनुज कुमार के साथ दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके पर रजनी अग्रवाल, डॉ. रीता शर्मा, आशीष अग्रवाल, शैली सक्सेना सहित अन्य लोग मौजूद रहे।